# दो साल में अमेरिकन सड़कों के नेटवर्क की तरह होगा छत्तीसगढ़ का नेटवर्क, 20 हजार करोड़ रुपए के कार्यों की दी स्वीकृति

## छत्तीसगढ़ में चार राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने राशि मंजूर, रायपुर में चार फ्लाईओवर बनेंगे

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंडियन रोड कांग्रेस के अधिवेशन में की घोषणा
- मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में सड़कें हमारी सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के नेशनल हाइवे का नेटवर्क दो साल के अंदर अमेरिकन नेटवर्क के बराबर होगा, आज मैं यह विश्वास दिलाता हूँ, आपने जो छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मांगे रखी हैं वे सब देंगे। केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज रायपुर में आयोजित हो रहे भारतीय सडक़ कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में सडक़ों के विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी। इनमें चार राष्ट्रीय राजमार्गों में फोरलेन के लिए डीपीआर की स्वीकृति भी शामिल है। गडकरी ने धमतरी से जगदलपुर, रायपुर से बलौदाबाजार-सारंगढ़, कटघोरा से अम्बिकापुर और बिलासपुर से अकलतरा-रायगढ़ से ओडिशा बार्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कई सिंगल लेन और टू लेन सडक़ों के निर्माण के लिए भी राशि मंजूर की। गडकरी ने रायपुर में सरोना, उद्योग भवन, तेलीबांधा और धनेली जंक्शन में फ्लाईओवर निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने तीन सडक़ों के वन टाइम इंप्रूवमेंट कार्यों की भी मंजूरी दी। गडकरी ने सडक़ों के निर्माण लिए केन्द्रीय सडक़ निधि (सीआरएफ) से 900 करोड़ रूपए देने की भी घोषणा की।




केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में भारतीय सडक़ कांग्रेस के अधिवेशन का शुभारंभ करते हुए कहा कि इंडियन रोड कांग्रेस में देश के विभिन्न राज्यों से आये सभी इंजीनियर्स को मैं देश के विश्वकर्मा के रूप में मानता हूँ। राष्ट्र के निर्माण में आप सबका बहुत बड़ा योगदान है। हमारे प्रधानमंत्री का मिशन है कि हम हिंदुस्तान को 5 ट्रिलियन की इकानामी बनायें। आत्मनिर्भर भारत बनाएं। इसके लिए हमें इंडस्ट्री और एग्रीकल्चर में प्रगति करनी होगी। इसके लिए यातायात का इंफ्रास्ट्रक्चर हमें बेहतर करना होगा। इस क्षेत्र में जब कैपिटल इन्वेस्टमेंट आएगा तो रोजगार निर्मित होगा और गरीबी दूर होगी और हिंदुस्तान आत्मनिर्भर होगा। इस सपने को पूर्ण करने में आपके गुणवत्तापूर्ण काम का महत्वपूर्ण योगदान होगा, इसके लिए देश-विदेश में रिसर्च को अपनाना होगा। ज्ञान को संपत्ति में बदलना ही भविष्य हैं।

श्री गडकरी ने अधिवेशन में शामिल हो रहे इंजीनियर्स से कहा कि जनता का पैसा जितना बचा सकते हैं बचाएं, इसमें तकनीक बहुत काम आयेगी। छत्तीसगढ़ में एक महत्वपूर्ण बात शुरू हुई है। हमने यहां से एक बैम्बू क्रैश बैरियर बनाना आरंभ किया। स्टील यूज करने की जरूरत नहीं, यह इको फ्रेंडली है। आप पूरे छत्तीसगढ़ में लोहे के बजाय बैम्बू क्रैश बैरियर यूज करें, इससे गांव के किसानों को बैम्बू के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। हमने पराली से बायो विटामिन बनाया है और इसका मेघालय में प्रयोग हो रहा है। अभी पानीपत में हमने पराली में एक हजार लीटर बायो विटामिन और बायो एविएशन फ्यूल बनाना शुरू किया। यह पराली अथवा पैरा से बनेगा तो छत्तीसगढ़ में बहुत बढिय़ा काम हो जाएगा।

श्री गडकरी ने कहा कि रोड एक्सीडेंट को कम करने हमें बहुत प्रयास करना होगा। कोशिश करिये एक्सीडेंट न हों। इसके लिए सभी तकनीकी उपाय अपनाएं। छोटी-छोटी बातों को अमल में लाकर रोड इंजीनियरिंग में सुधार करें तो बहुत बेहतर होगा। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि रोड सेफ्टी के हिसाब से परफेक्ट रोड बनाइये। रोड सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिवेशन के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमें विकास भी करना है और पर्यावरण का संतुलन भी रखना है। हमारे देश में ट्रांसपोर्ट सेक्टर देश के पाल्यूशन में 40 प्रतिशत योगदान करता है। मैं आईआरसी के पदाधिकारियों से अनुरोध करूंगा कि आप इस सेक्टर को इंटीग्रेटेड एप्रोच से सोचें। हमें सडक़ों के किनारे टायलेट बनाने होंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें अधिवेशन की मेजबानी का सौभाग्य छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी को इस कार्यक्रम में अपने बीच पाकर हमारी खुशी दोगुनी हो गई है। भारत के विकसित राज्यों में अपना स्थान बनाने की ललक के साथ छत्तीसगढ़ बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गडकरी जी का सहयोग और प्रोत्साहन हम लोगों को निरंतर मिल रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के लिए उन्होंने 11 हजार करोड़ रुपए की अत्यंत महत्वपूर्ण सडक़ परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इसके लिए मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अनाथ बाल आश्रम किया गया निरीक्षण

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ के तत्वाधान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा गत दिवस आशियाना और मातृ निलयम रायगढ़ (बाल आश्रम) का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यहां के अधीक्षिका से संपर्क कर वहां रहने वाले बालक-बालिका के दिनचर्या, खेलकूद, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा संबंधी, वहां लगने वाली पाठशाला एवं बच्चों को दिये जाने वाले भोजन में पोषक आधार के उपयोग किये जाने की जानकारी लिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया की बालकों को यहां किसी भी प्रकार की परेशानी या कोई समस्या तो नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका मीना जायसवाल, अधीक्षक अशोक पटेल, स्टॉफ एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

### सभी मतदान केंद्रों में 10 नवंबर को होगा विशेष शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा क्षेत्र की फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन 10 नवंबर रविवार को किया जा रहा है। नए मतदाता बनने के लिए, आधार से मतदाता पहचान पत्र लिंक करने के लिए, मृत या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए, मतदाता सूची में संशोधन, स्थानांतरण, नया एपिक प्राप्त करने के लिए नागरिक अपने आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ शिविर में बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भरा वाहन पलटा, हादसे में तीन महिलाओं को आई गंभीर चोट

**सक्ती (आरएनएस)।** सक्ती जिले की ग्राम पंचायत हसौद की गैस एजेंसी के पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भरा मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में तीन महिलाओं को गंभीर चोट आई है, तीनों को बेहतर इलाज के रेफर कर दिया है. वहीं घटना में अन्य 18 महिलाओं को मामूली चोट आई है. हादसे के बाद वाहन छोडक़र ड्राइवर फरार हो गया है और मामले की जांच पुलिस कर रही है. हसौद क्षेत्र के अलग-अलग गांव की 21 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाएं मालवाहक वाहन में सवार होकर एक दिवसीय हड़ताल के लिए सक्ती जा रही थी. इसी दौरान हसौद की गैस एजेंसी के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे से तीन महिलाओं को काफी गंभीर चोट आई थी और तीनों को हसौद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से तीनों महिलाओं के बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है, वहीं हादसे अन्य महिलाओं को मामूली चोट आई है. घटना के बाद वाहन ड्राइवर वाहन को छोडक़र मौके से फरार हो गया है. मामले की जांच पुलिस कर रही है.

### 8 लाख नगदी के साथ बाइक चालक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आगामी उप चुनाव के मद्देनजर थाना पुरानी बस्ती एवं सीआरपीएफ की डी-62 कम्पनी के साथ थाना क्षेत्र में बुढ़ेश्वर चौक व पंकज गार्डन के पास चेकिंग पॉइंट लगाई गई थी। बुढ़ेश्वर चौक चेकिंग पर चेकिंग दौरान मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स होंडा क्रमांक सीजी 04 एम यू 1675 को रोक कर वाहन चालक के पास रखें काले रंग के बैग को चेक किया गया जिसमें 8.00.000रुपए (8 लाख) नगदी रकम होना पाया गया उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने बोलने पर वाहन चालक द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया.

## कोतरारोड़ और धरमजयगढ़ थाना प्रभारियों ने ग्राम कोटवारों की बैठक लेकर दी सुरक्षा संबंधी हिदायतें

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशनु पर, कोतरारोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी और धरमजयगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने क्षेत्र के ग्राम कोटवारों के साथ थाने में बैठक की। बैठक का उद्देश्य ग्राम सुरक्षा को मजबूत करना, संभावित अपराधों से बचाव के उपायों पर चर्चा करना और गांव में शांति और सौहार्द बनाए रखना था।

थाना प्रभारियों ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकतर ग्रामीण धान कटाई के लिए खेतों में व्यस्त हैं, जिससे कई घर सुने पड़े रहते हैं। ऐसे में गद्दे, चादर, चटाई बेचने वाले, कुकर बनाने वाले या अन्य फेरी वाले अजनबियों पर खास नजर रखने की आवश्यकता है। कोटवारों को निर्देशित किया गया कि गांव में घूमने वाले किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को नज़र में रखें, और अगर संदेह हो तो उसे गांव में प्रवेश न करने दें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

ग्राम में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए थाना प्रभारियों ने सुझाव दिया कि छोटे-मोटे विवादों को स्थानीय स्तर पर पंच, सरपंच और गणमान्य व्यक्तियों की मदद से सुलझाया जाए। साथ ही, उन्होंने किसी भी बड़े विवाद, झगड़े या दुर्घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

बैठक में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों पर भी चर्चा की गई। कोटवारों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल्स, और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसी साइबर चुनौतियों के बारे में बताया गया, साथ ही उन्हें प्रेरित किया गया कि वे गांव के लोगों को इन खतरों से सतर्क करें और साइबर जागरूकता फैलाएं। कोटवारों को सलाह दी गई कि वे बैंक खाते, एटीएम कार्ड या आधार से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा करने से बचने के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दें।

थाना प्रभारियों ने कोटवारों को गांव में अपरिचित वाहनों या संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी रखने और समय-समय पर पुलिस के साथ संपर्क बनाए रखने का निर्देश भी दिया। इसके साथ ही, कोटवारों को नियमित रूप से थाने में आकर ग्राम की स्थिति की जानकारी देने और गांव में किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## खरसिया पुलिस की बड़ी कामयाबी: लूटपाट के चार बदमाश गिरफ्तार, मोबाइल और नकदी बरामद

रायगढ़

खरसिया पुलिस को 06 नवंबर को हुई लूटपाट की घटना में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोटोरोला मोबाइल और रु.1,000 नकदी बरामद की है।



जानकारी के अनुसार, सक्ती जिले के ग्राम बंदोरा निवासी 23 वर्षीय धीरज गबेल ने 08 नवंबर को पुलिस चौकी खरसिया में शिकायत दर्ज कराया। उसने बताया कि 06 नवंबर को दोपहर करीब 1:30 बजे वह बाइक से खरसिया के पहाड़ी काली मंदिर घूमने गया था। मंदिर से लौटते समय मंदिर के नीचे पुराने गोदाम के पास चार अज्ञात युवकों ने उसे धमकाया और लूटपाट की। धमकाने के दौरान एक युवक ने ब्लेड दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और फिर उसके मोटोरोला जी51 मोबाइल (कीमत रु.14,000) और रु.1,000 नकद छीन कर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। पीड़ित से आरोपियों का हुलिया लेकर मुखबिरों को सतर्क किया गया, जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर मौहापाली, खरसिया में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों – सूरज सोनवानी उर्फ चिल्लू, मोंटी चौहान, दिगंबर पटेल और जयनंद धर्मा ने लूटपाट की घटना में संलिप्तता स्वीकार की। उनके पास से घटना में प्रयुक्त ब्लेड, लूटा हुआ मोबाइल और नकदी बरामद की गई।

खरसिया पुलिस ने आरोपी 1. सूरज सोनवानी उर्फ चिल्लू पिता छोटकू सोनवानी उम्र 21 वर्ष, 2. मोंटी चौहान पिता गुलाब चौहान उम्र 19 वर्ष , 3. दिगंबर पटेल पिता बरत राम पटेल उम्र 31 वर्ष 4. जयनंद धर्मा पिता भुवन लाल धर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी सभी निवासी मौहापाली चौकी खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाया है। संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई संजय नाग, एएसआई मनोज पटेल, हेड कांस्टेबल अशोक देवांगन, कांस्टेबल कीर्ति सिदार, सोहन यादव और सावित चंद्रा शामिल थे।

## जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की हुई मौत : पीड़ित व्यक्ति के उत्तराधिकारी को दी गई तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए

- ग्रामीणों को जंगली हाथियों के गतिविधियों के बारे में दी गई थी सूचना
- धरमजयगढ़ वनमंडल का वन परिक्षेत्र बोरो है हाथी प्रभावित क्षेत्र

रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल के बोरो परिक्षेत्र में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के समय 11 हाथियों का दल इलाके में घूम रहा था। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 25 हजारे रुपये की तत्कालिक सहायता दी है। घटना के बाद वन अमले को मानव-हाथी द्वंद की रोकथाम के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है।

वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 नवंबर 2024 की सुबह वन परिक्षेत्र बोरो अंतर्गत 11 हाथियों का दल कमोसिनडांड परिसर के कक्ष कमांक 654 आर.एफ.की ओर से आया और रामपुर गांव के रासकुरिया बस्ती किनारे राजस्व जंगल से पार हो रहा था। जिसे ग्रामीणों के द्वारा एक स्थल पर खड़े होकर शोरगुल करके भगा रहे थे। उसी समय 05 व्यक्ति जो अपने खेत से वापस आ रहे थे उसी दौरान उस दल से अलग एक नर हाथी के द्वारा अचानक सामने से आकर हमला किया गया।

चार व्यक्ति जान बचाकर मौके से भाग गये एवं रमलु तिर्की वल्द स्व. झगना तिर्की उम्र 54 वर्ष मौके से नहीं भाग पाने के कारण नर हाथी से सामना हो जाने के फलस्वरुप नर हाथी के द्वारा हमला कर मार दिया गया। जिसे चाल्हा एवं क्रिन्धा सर्किल के कर्मचारी के द्वारा कमोसिनडांड परिसर की ओर से ट्रेकिंग करते हुये मौके पर तत्काल पहुंच कर देखने से उक्त व्यक्ति को मृत अवस्था में पाया गया, जिसकी सूचना परिसर रक्षक बलपेदा को दिया गया तथा जनहानि होने की सूचना परिसर रक्षक बलपेदा के द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी बोरो को दिया गया। वन परिक्षेत्राधिकारी बोरो सूचना पाकर उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुये व खण्ड चिकित्सा अधिकारी धरमजयगढ़ एवं थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को सूचित करते हुये मौके स्थल में पहुंच कर जांच पड़ताल किया गया एवं प्रकरण विवेचना मे लेते हुये पीड़ित व्यक्ति के उत्तराधिकारी को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए दिया गया।

घटना के पूर्व मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यप्राणी जंगली हाथियों के गतिविधियों के बारे में सूचना दी जा रही थी। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही वन परिक्षेत्राधिकारी बोरो द्वारा नियमानुसार की जा रही है।

धरमजयगढ़ वनमंडल का वन परिक्षेत्र बोरो, हाथी प्रभावित क्षेत्र है। उक्त घटना क्षेत्रों में जंगली हाथी विचरण की वन कर्मचारियों हाथी ट्रेकर्स के द्वारा हाथियों की लगातार ट्रैकिंग की जा रही है। इसकी सूचना वाट्सअप ग्रुप तथा हाथी मित्र दल के माध्यम से वन क्षेत्र एवं आस-पास के गांव में मुनादी कराकर तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से एवं वन कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन हाथियों के विचरण की सूचना ग्रामीणों को दी जाती है। ग्रामीणों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अन्य कार्यों हेतु नहीं जाने की समझाईश प्रतिदिन दिया जा रहा है। समूचे वन परिक्षेत्र बोरो के वन अमले को मानव हाथी द्वंद की रोकथाम हेतु हाई अलर्ट पर रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

## यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 96 दिव्यांग चिन्हित हुए

- सारंगढ़ में द्वितीय शनिवार को हुआ दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप



सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से सक्षम शनिवार अंतर्गत दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन सिविल अस्पताल सारंगढ़ में किया गया। इस कैंप के कुल 121 पंजीयन में 96 दिव्यांग यूडीआईडी के लिए चिन्हित हुए, जिसमें दृष्टि बाधित के 15, अस्थि बाधित के 51, मानसिक मंद बुद्धि के 5, श्रवण बाधित के 15, सिकलसेल के 2 और सेरेब्रल पल्सी के 8 दिव्यांग शामिल है। इस कैंप में मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉक्टरगण, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, डीपीएम एन एल इजारदार का सराहनीय योगदान है। इस कैंप में दिव्यांग जनों का यूडीआईडी हेतु आकलन सह प्रमाणीकरण कार्य किया गया। अब भविष्य में दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त हो पाएगा, जिससे केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिव्यांगों को मिल पाएगा।

## समन्वय के साथ करें योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन -सांसद राधेश्याम राठिया

- सांसद राठिया ने ली दिशा समिति की बैठक

रायगढ़

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो इसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। सांसद राठिया की अध्यक्षता में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव बैठक में उपस्थित रहे।




सांसद राधेश्याम राठिया ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्यवन एवं उसके प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोकहितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद राठिया ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। सांसद राठिया ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत स्किल डेवलपमेंट हेतु हितग्राहियों के पंजीयन एवं उनके प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। सांसद राठिया ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से कहा कि जिले के कई हिस्से हाथी विचरण क्षेत्र अंतर्गत आते है, यहां किसानों की फसलों को हाथियों की आमद से होने वाले नुकसान का त्वरित फील्ड निरीक्षण करते हुए आंकलन कर उचित मुआवजा दिलवाए, इससे किसानों को राहत होगी। उन्होंने आवास निर्माण के लिए रेत सप्लाई को सुचारू रखने की व्यवस्था के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी ने बताया कि इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

बैठक में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूजल के अत्यधिक व अव्यवस्थित दोहन न हो इसका हमें ध्यान रखने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने ईई पीएचई को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फसल बीमा के तहत किसानों के पंजीयन के साथ उनके क्लेम भुगतान पर भी फोकस करने की बात कही। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ऐसे रोड जहां भारी वाहनों का आवागमन है उसे भविष्य में पीडब्लयूडी के अंतर्गत लिए जाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं की तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा सभी अनुसूचित बसाहट क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोडऩे विशेष अभियान शुरू किया गया है।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने पीएम आवास के तहत निर्माणाधीन व पूर्ण हो चुके आवास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवास पूर्णता में जिला प्रदेश में तीसरे क्रम पर है। इसी प्रकार मनरेगा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़ा जा रहा है एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लोन स्वीकृत किए जा रहे है, ताकि महिला समूह आजीविका गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित कर सके। सांसद राठिया ने लैलूंगा क्षेत्र में भी बैंक लिंकेज व लोन प्रदाय से जुड़े कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ यादव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों के तहत पाम ऑयल की खेती की जा रही है। इसमें सब्सिडी का प्रावधान है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा हो रही है। करीब 88 प्रतिशत हितग्राहियों के कार्ड बनाए जा चुके है। जिसे जल्द शत-प्रतिशत पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

सांसद राठिया ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम कृषि सिंचाई एवं फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पीएमजीएसवाय, पीएम कौशल विकास योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

इस दौरान बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष लैलूंगा किरण पैंकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष तमनार सविता राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष घरघोड़ा सहोद्रा राठिया, पार्षद सुभाष पाण्डेय, सौरभ चौधरी, संजय कुमार मोदी, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत नीलाराम पटेल, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत महेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480